कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा / माध्य / मा / मोनिटरिंग / बोर्ड परीक्षा निर्देश / 2019 / दिनांक 25.3.19

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
माध्यमिक (मुख्यालय),

परीक्षा आवश्यक

विषयः– बोर्ड परीक्षाओं के संग्रहण केन्द्रों द्वारा नियमित रूप से उत्तर–पुस्तिकाओं के बंडल अंकन संबंधी कार्यवाही की सतत मोनिटरिंग बाबत।

संदर्भः– शिविरा / माध्य / मा / मोनिटरिंग / बोर्ड परीक्षा निर्देश / 2019 दिनांक 14.03.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा बोर्ड परीक्षा 2019 की उत्तर–पुस्तिकाओं के बोर्ड द्वारा आपके जिले में स्थित संग्रहण केन्द्रों पर अंकन हेतु भेजे गये बंडलों का प्राप्ति के 03 दिवस में निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये परन्तु प्राप्त सूचनानुसार अभी तक दिनांक 7 से 13 मार्च तक आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षा के अंग्रेजी, हिन्दी, लेखा शास्त्र, भौतिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, भूगोल आदि विषयों के बंडल भी पूर्णरूपेण परीक्षकों को वितरित नहीं हुए हैं।

इसे गम्भीरता से लेते हुए पुनः निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 13 मार्च, 2019 तक आयोजित सभी परीक्षाओं के बंडल वितरण कर NIL की रिपोर्ट निदेशालय तथा बोर्ड को भेजे तथा इसके पश्चात् प्रतिदिन नियमित मॉनिटरिंग कर 03 दिवस में निस्तारण करें। यदि परीक्षकों द्वारा समयबद्ध बंडल प्राप्त नहीं किये जाते हैं अथवा बिना उचित कारण तथा सक्षम स्वीकृति के बिना उत्तर– पुस्तिका जांच से मना करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध 07 दिवस में सक्षम अधिकारी नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही कर सूचित करें। अपरिहार्य कारण से कोई असंबंधित बंडल प्राप्त हुआ है तो इसे बोर्ड को आगामी ट्रिप में लौटा दें ताकि बोर्ड द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

बोर्ड द्वारा अजमेर, जयपुर, पाली, कोटा, बूंदी, भरतपुर, चित्तौडगढ, चूरू, बीकानेर, उदयपुर, जोधपुर, नागौर, भीलवाडा, अलवर, सिरोही, टोंक जिलों में कुछ उत्तर–पुस्तिकाऐं केन्द्रीय मूल्यांकन पद्धति से अंकन कराने हेतु बोर्ड द्वारा बंडल भेजे गये हैं, इस पर भी समयबद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। यह कार्य सक्षम अधिकारी की देखरेख में पूर्ण गोपनीयतापूर्वक सम्पादित करावें।

इसे गम्भीरता से लें एवम् समयबद्ध कार्यवाही कर प्रतिदिन अनुपालना रिपोर्ट आवश्यक रूप से प्रेषित करें।

भवदीय,

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
2. विशेषाधिकारी एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
3. समस्त सम्भागीय, संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
4. निदेशालय के जिला प्रभारियों को प्रेषित कर लेख है कि वे सम्बन्धित जिले के जिशिअ से सतत् सम्पर्क कर उक्त जॉच कार्य के संपादन में सहायता करें। यदि आवश्यक हो तो जिले के संग्रहण केन्द्र का अवलोकन भी कर सकते है।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
6. सिस्टम एनेलिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. शाला दर्पण
8. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

dir letter